ARIIA 2021 रैंकिंग

हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के नवचार प्रकोष्ठ ने संस्थानों की '**नवोन्मेष उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग**' (ARIIA) 2021 की।

- ARIIA का पहला संस्करण वर्ष 2019 में जारी हुआ था।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह छात्रों तथा संकायों के बीच "नवाचार और उद्यमिता विकास" से संबंधित संकेतकों पर भारत के सभी प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को व्यवस्थित रूप से रैंक प्रदान करने के लिये शिक्षा मंत्रालय और **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद** (एआईसीटीई) की एक संयुक्त पहल है।
  - ARIIA नवाचारों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करता है और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन नवाचारों द्वारा उत्पन्न वास्तविक प्रभाव को मापने का प्रयास करता है।
- **मूल्यांकन के मापदंड:** ARIIA संस्थानों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानकों पर करता है जैसे:
  - बजट और अनुदान सहायता
  - बुनियादी ढाँचा और सुविधाएँ
  - आइडिया जनरेशन और इनोवेशन के लिये जागरूकता, प्रचार और समर्थन
  - उद्यमिता विकास के लिये प्रोत्साहन और समर्थन
  - सीखने के अभिनव तरीके और पाठ्यक्रम
  - बौद्धिक संपदा सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यावसायीकरण
  - संस्थान के शासन में नवाचार
- **रैंक वर्गीकरण:**
  - रैंकिंग तकनीकी और गैर-तकनीकी दो श्रेणियों के तहत बनाई गई है।
    - **तकनीकी श्रेणी** में 5 उप-श्रेणियाँ शामिल हैं -
      - केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान(CFTIs), केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान
      - राज्य विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय (सरकारी और सरकारी द्वारा सहायता प्राप्त)
      - सरकारी कॉलेज/संस्थान (सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त)
      - विश्वविद्यालय और डीम्ड विश्वविद्यालय (स्व-वित्त / निजी)
      - निजी कॉलेज/संस्थान (स्व-वित्त/निजी)
    - **गैर-तकनीकी श्रेणी** में दो उप-श्रेणियाँ शामिल हैं-
      - केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान (CFIs)/ केंद्रीय विश्वविद्यालय/ राष्ट्रीय महत्त्व के गैर-तकनीकी संस्थान।
      - सामान्य (गैर-तकनीकी)।
- **वर्ष 2021 में उच्च रैंकिंग वाले संस्थान:**
  - राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान, केंद्रीय विश्वविद्यालय और सीएफटीआई (CFTIs):
    - IIT मद्रास के बाद IIT बॉम्बे और IIT दिल्ली का स्थान है।
  - सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में: पंजाब विश्वविद्यालय
  - सरकार और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त कॉलेज/संस्थान: इंजीनियरिंग कॉलेज पुणे
  - निजी या स्व-वित्तपोषित विश्वविद्यालय: कलिंग औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान, खोरधा
  - निजी या स्व-वित्तपोषित कॉलेज / संस्थान: जी एच रायसोनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नागपुर

- राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान, केंद्रीय विश्वविद्यालय और सीएफटीआई (गैर-तकनीकी): इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
- सामान्य (गैर-तकनीकी): भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान

- **रैंकिंग का महत्त्व:**
  - रैंकिंग निश्चित रूप से भारतीय संस्थानों को अपने परिसरों में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी मानसिकता को पुन: उन्मुख करने तथा पारितंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित करेगी।
  - इसके अलावा, हाल ही में घोषित **नई शैक्षिक नीति 2020** भी इन प्रयासों को अधिक प्रभावी और कुशल और लंबे समय में प्रभावशाली बनाएगी।
  - भारत **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (**GII) रैंकिंग में लगातार सुधार कर रहा है और अब यह वर्ष 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर वर्ष 2021 में 46वें स्थान पर पहुँच गया है। यह विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप हब के रूप में भी उभरा है।

उच्च शिक्षा और विश्वविद्यालयों के लिये अन्य रैंकिंग.

- भारत रैंकिंग 2021**:**
  - इसे **राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क** (NIRF) (छठे संस्करण) द्वारा स्थापित शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किया गया था।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग**:**
  - यह विश्वविद्यालय रैंकिंग का एक वार्षिक प्रकाशन है जिसमें क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा जारी वैश्विक समग्र और विषय रैंकिंग शामिल है।
- विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग:
  - यह टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ariia-2021-rankings